डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 103 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 25 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## फिर आई ठंड में तेजी, तापमान और कम होने का अनुमान



**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम जानकारों के अनुसार 25 जनवरी से फिर तेज ठंड का दौर शुरू हो गया है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। वर्तमान में दो सिस्टम की एक्टिविटी से हवाओं का रुख दक्षिण पूर्वी बना हुआ है। उत्तरी हवाओं के चलने से ठंड बढ़ेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि पंजाब और निकटवर्ती क्षेत्रों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। वहीं, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की भी एक्टिविटी है। इस वजह से दक्षिण-पूर्वी हवा चल रही है। अगले 2 दिन में हवा का रुख उत्तरी हो जाएगा। इससे क्षेत्र एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आएगा और दिन-रात के तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट की संभावना है। इधर यह भी बताया गया है कि पश्चिम-उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं, लेकिन प्रदेश में इसका असर कम है। जेट स्ट्रीम हवाएं जमीन से 12.6 किमी की उंचाई पर चलती हैं।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले सास-ससुर फरार, की शिकायत

**पिपलियामंडी, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव किशनगढ़ में युवक को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में फरार सास-ससुर को गिरफ्तार नही करने पर युवक के भाई ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार 14 दिसम्बर 2024 को गांव किशनगढ़ में ईश्वरलाल (35) पिता घनश्याम बावरी ने स्वयं के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान नारायणगढ़ पुलिस ने ईश्वरलाल की पत्नी जामवंतीबाई, ससुर पिपलियापंथ निवासी मदनलाल पिता लक्ष्मीनाराण बावरी व सास सुगनाबाई के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज किया था। मामले में करीब 8 जनवरी को पुलिस ने जामवंती को गिरफ्तार कर लिया था वहीं सास-ससुर अभी भी फरार है। मृतक के छोटे भाई गोविन्द ने बताया कि 15 दिन बीतने के बाद भी अभी तक पुलिस ने सास-ससुर को नही पकड़ा है। गोविन्द ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। इधर टीआई अनिल रघुवंशी का कहना है फरार दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## बीपीएल से आजाद चौक पहुंचने में 20 मिनिट का सफर..!

# तेल और समय दोनों हो रहे बर्बाद

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह हो या नपा अतिक्रमण हटाओ मुहिम दोनों ही शहर के मुख्य मार्गो पर यातायात व्यवस्था को सुधारने में नाकाम रहे हैं। नगरपालिका की अतिक्रमण हटाओ सिर्फ दिखावा ही साबित हो रही है। बीपीएल चौराहा से आजाद चौक तक कई बार अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाकर नपा ने वाहवाही लूटने की कोशिश की। लेकिन, यह सिर्फ औपचारिकता भर ही साबित हो रही है। इधर परिणाम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पेट्रोल-डीजल का जबरदस्ती धुआं हो रहा है। वहीं समय की बर्बादी अलग हो रही है। बीपीएल चौराहा से आजाद चौक की दूरी लगभग पांच-छह सौ मीटर मानी जा सकती है। इस सफर को तय करने में वाहन चालक को कई बार 20 मिनट तक का समय लग जाता है।**

### बीपीएल चौराहा पर ट्रॉफिक...

बीपीएल चौराहा पर कुछ साल पहले ट्रॉफिक सिग्नल लगाए गए थे। कुछ समय व्यवस्था लागू रही। लेकिन, इसके बाद सिग्नल बंद हो गए। अब सिग्नल के अभाव में परिणाम यह हो रहा है कि बीपीएल चौराहा पर ट्रॉफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। रोड क्रास कर या चौराहे से गलत साइड से पेट्रोल पंप की तरफ जाने वाले वाहन चालकों के कारण यातायात बार-बार थम जाता है। वहीं पास ही स्थित बड़े व्यवसायिक संस्थानों के ग्राहकों के वाहन सड़कों पर खड़े होते हैं। मतलब यहां कई बार स्थिति बनती है कि तीन से चार मिनट चौराहा क्रास करने में लग जाता है।



### अब चले बड़े अस्पताल के बाहर...

अब बीपीएल चौराहा को क्रास कर बड़े अस्पताल के बाहर चलते हैं। अस्पताल के बाहर अवैध अतिक्रमण के रूप में नपा ने ठेले हटाए थे। लेकिन, यहां अघोषित पर्किंग बन गई है। इधर अस्पताल से बाहर निकलने वाले वाहन, दवा बाजार से होकर डिवाइडर क्रास कर गांधी चौराहा तरफ जाने वाले रोड पर आने वाले वाहन और बीपीएल से गांधी चौराहा तरफ जाने वाले वाहन यहां टकराते हैं। अस्पताल होने के कारण आवाजाही भी बनी रहती है। कई बार यहां भी जाम लग जाता है। जिससे करीब दो से तीन मिनट वाहन रोककर इंतजार भी करना पड़ता है।

### गांधी चौराहा पर भी वेट...

गांधी चौराहा पर वैसे तो धरना आंदोलन प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। लेकिन, इसका पालन नहीं हो पा रहा। आए दिन राजनीतिक दल या अन्य संस्थाएं अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए गांधी चौराहा पहुंच जाती है। वहीं महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल भी नजदीक है। ऐसे में छुट्टी के समय छात्राएं भी घर के निकलती है। गांधी चौराहा पर चार रास्ते कट रहे हैं। ऐसे में कई बार यहां तीन से चार मिनट वाहन चालक को इंतजार करना पड़ता है।

### पचास फीट का रोड हुआ पच्चीस फीट...

शहर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुधारने का प्रयास कभी पार्किंग के निर्देश तो कभी छोटा मोटा सामान जब्ती तक ही सीमित है। शहर पहले ही लंबे समय से अतिक्रमण की जद में है। इस पर मर्जी के मुताबिक सड़क पर खड़े होकर व्यापार करने वाले 2 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर भी यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। व्यापारिक जोन कहे जाने वाला कालिदास मार्ग, आजाद चौक, सम्राट मार्केट 50 की बजाय सिर्फ 25 फीट चौड़ा ही बचा है। ये हालात अकसर देखे जा सकते है। रविवार को तो बस स्टेण्ड से आजाद चौक का मार्ग बहुत ही सकरा कर दिया जाता है। इधर, नपा व यातायात अमला ना जाने कहां व्यस्त है। वहीं यातायात बाधित होने से लोग परेशान हो रहे हैं। मतलब कालीदास मार्ग से आजाद चौक पहुंचने में वाहन चालक को खासी मशक्कत करना पड़ती है।

### बस स्टैंड पर इंतजार...

अब आते हैं बालाजी मंदिर के पास कालाखेत से बस स्टैंड पहुंचने वाले मार्ग पर। यहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है। पहले युवराज क्लब रोड को वन वे किया गया था। लेकिन, अब इस व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है। परिणाम यह हो रहा है कि कालाखेत से बस स्टैंड पहुंचने वाले इस चौराहे पर जाम की स्थिति कई बार बनती है। इसका एक कारण पास ही स्थित धर्मशाला है। शादियों के समय स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है।

### पेट्रोल का ऐसे होता है धुआ...

समय तो वाहन चालकों का बीपीएल से आजाद चौक तक पहुंचने में बर्बाद हो ही रहा है। जेब पर भी बोझ पड़ रहा है। इसका कारण है कि बड़ा अस्पताल, गांधी चौराहा, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, बस स्टैंड, कालीदास मार्ग और आजाद चौक। यहां वाहन को रोकना पड़ रहा है। कई बार गेयर बदलने के कारण अतिरिक्त पेट्रोल डिजल भी जल रहा है।

# पत्नी से अवैध संबंध की शंका में युवक की हत्या

**पति ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम, स्कूल के पास मिला था शव**




**रतलाम, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कनेरी में दो दिन पूर्व सरकारी स्कूल के गेट के पास मिले युवक के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवक की हत्या कर स्कूल की बाउंड्रीवॉल पर छोड़ दिया था। हत्या का कारण उसका आरोपी की पत्नी से अवैध संबंध सामने आया है। आरोपी ने अपने चार रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसकी हत्या की। बीती 22 जनवरी की सुबह शहर के डीडी नगर थाना क्षेत्र के गांव कनेरी के शासकीय हाई स्कूल के गेट के पास एक युवक की लाश मिली थी। युवक की शिनाख्त गांव जेतपाड़ा निवासी भरत पिता मोहन भाभर के रूप में हुई।युवक के सिर पर चोट के निशान थे। युवक की बाइक भी वहीं पर मिली थी। चौकीदार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव पोस्टमॉर्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम कुआझागर के रहने वाले बबलू उर्फ संजय पिता कैलाश मईड़ा की दूसरी पत्नी से मृतक भरत भाभर के अवैध संबंध थे। बबलू उर्फ संजय व उसकी दूसरी पत्नी दोनों ग्राम तितरी में हुसैन समोसा वाला के कॉटेज पर चौकीदारी का काम करते है। भरत भाभर अपने घर से 21 जनवरी की रात 8 बजे पिकअप पर जाने का बोलकर अपनी बाइक से निकला था। घर से निकल कर वह तितरी में कॉटेज पर गया। उस समय बबलु उर्फ संजय अपने माता-पिता और पहली पत्नी के घर कुआझागर गया था। उसी रात करीब 2 बजे जब बबलु उर्फ संजय वापस कॉटेज पर आया तो उसने कॉटेज के कमरे में उसकी पत्नी को उसके प्रेमी भरत भाभर के साथ देख लिया। तब बबलु उर्फ संजय ने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया।

इसके बाद रात में संजय ने अपने रिश्तेदार सुनिल पिता रामलाल गणावा निवासी कोलवाखेडी, ईश्वर निवासी आलनिया, राहुल निवासी आलनिया को फोन कर तितरी कॉटेज पर बुलाया। भरत भाभर की हत्या का प्लान बनाया। जब भरत और उसकी प्रेमिका ने कमरे से बाहर चारों को देखा तो कम्रे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। सुनिल ने सब्बल से दरवाजे की चोखट के पास से ईट निकाल कर दरवाजा खोला। भरत व उसकी प्रेमिका को बाहर निकाला। बाहर निकालने के बाद चारों ने भरत के साथ गेती के हत्थे, पीवीसी के पाईप व लात-घुसों से मारपीट की।

### हत्या को दुर्घटना बताने की कोशिश...

रात में मारपीट कर सभी कॉटेज पर ही रुके रहे, उस दौरान भरत भी बेसुध हालत में था। इसके बाद 22 जनवरी की सुबह 7 बजे संजय ने अपने साथी दिनेश के साथ मिलकर भरत की बाइक से भरत को बेसुध हालात में बीच में बैठाकर कनेरी स्कूल के बाहर छोड़ दिया। बाइक भी वहीं पर खड़ी कर दी। लेकिन, उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने दुर्घटना बताने के चक्कर में स्कूल की बांउड्रीवॉल के पास लाकर भरत को बेसुध हालात में छोड़ दिया था। ताकि उन पर किसी प्रकार का शक ना हो। पर, पुलिस पूछताछ में आखिर आरोपी टूट ही गए और उन्होंने सब कबूल कर लिया।

## तलवार से हमला, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि भूमि के विवाद में तलवार से जानलेवा हमला करने पर पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज किया। अम्बाव निवासी फूलाबाई बावरी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे जेठ फतेहसिंह बावरी का कमलेश कमलेश व जेठानी कृष्णाबाई दोनों ने कहा कि तुम खेत, कुए पर मत जाना, गालियां दी व तलवार से वार किया, जिससे दोनों हाथ में चोंटे आई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

# मार्ग सफाई की आड़ में किस कॉलोनाइजर के लिए नहर बंद करा रहे सीएमओ..?

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस प्रशासन की जमीन पर सफाई की मेहरबानी की आड़ में सीएमओ नगरपालिका किस को फायदा पहुंचाना चाहते हैं, ये अदृश्य है। पर, जांच का विषय है। सफाई होना तो नगर स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। इसलिए नगर पालिका प्रशासन प्रशंसा का पात्र हैं। दूसरी तरफ इस सफाई की आड़ में जिस नहर को नाला बता कर बंद करने के लिए उसमें मलबा डाला गया, यह गंभीर विचार करने लायक प्रश्न है..!

नगर पालिका के इस सफाई अभियान के दौरान यह चर्चा सार्वजनिक हुई कि जहां सड़क मार्ग बताकर साफ-सफाई कराई जा रही थी, वह भूमि पुलिस प्रशासन के नाम है। प्रभाव और अधिकार को लेकर नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के बीच तनाव का वातावरण भी बना हुआ है। क्योंकि, नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह का कहना है कि मेडिकल कॉलेज की डीन ने मार्ग की सफाई के लिए पत्र भेजा था, इसलिए सफाई कराई है। जबकि, मात्र सफाई की आड़ में बड़े जीवित पेड़ो को नहीं काटा जाता है और कचरा या मार्ग सफाई के लिए जेसीबी का उपयोग भी नहीं किया जाता है। और अगर करना भी पड़ जाए तो जेसीबी से मलबा हटा कर नहर में डालने का क्या उद्देश्य रहा होगा..!

दूसरी तरफ सारा नगर देख रहा है, यहां तक की पार्षद भुगत रहे हैं, उनके वार्डो में पूरी तरह सफाई नहीं हो पा रही है। बोलने के बाद भी समय लगता है और डीन पर इतनी मेहरबानी, कि सिर्फ सफाई के बदले रास्ते के ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों को साफ कर दिया! इतनी त्वरित कार्रवाई सीएमओ की नियत पर संदेह करने का पर्याप्त कारण है। इस संदेह के कारण ही यह संदेह भी उपज रहा है कि डीन के पत्र की आड़ में नहर को गंदा नाला बता कर बुरने का प्रयास आसपास के किस कॉलोनी के लिए फायदे का सौदा बनाने वाला कारण है, यह भी सोचने की बात है..! अगर नगर पालिका के सीएमओ नगर को स्वच्छ बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं तो बस स्टैंड के बालाजी मंदिर का अतिक्रमण साफ कराए, सड़कों और सड़क किनारे लगने वाली दुकाने व अन्य अतिक्रमण भी हटवा दें, पालिका और शासन की सड़कों पर बने ओटले भी हटवा दे। जैसे सीतामऊ,मनासा नगर पालिका, नगर परिषद और प्रशासन ने कर दिया है। चुनी हुई नगर पालिका परिषद को अंधेरे में रखकर नपा सीएमओ शहर की व्यवस्था और वातावरण खराब करने पर क्यों उतर आए हैं ? इस यज्ञ प्रश्न का जवाब सीएमओ सुधीर सिंह देंगे या जिम्मेदार परिषद..!

## डॉ. ज्योति स्वरूप दुबे पीजी कॉलेज के प्राचार्य नियुक्त

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' मंदसौर के पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य पद पर डा. ज्योति स्वरूप दुबे, प्राध्यापक दर्शनशास्त्र, 'प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल को पदस्थ किया गया। यह आदेश उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त निशांत वरवड़े ने जारी किया। अपने आदेश में उन्होंने कहा कि नियुक्त प्रभारी प्राचार्य को म.प्र. शासन बुक आफ फायनेंशियल पावर्स 1995 (पृ. 2 उपभाग-1) में प्रदत्त अधिकारों के उपयोग हेतु कार्यालय प्रमुख तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी के समस्त अधिकारों का दायित्व सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

## मामा ने भानेज को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मामा ने भानेज को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। चंगेरी हाल मुकाम लसुड़िया कदमाला निवासी बाबू पिता गोवर्धनलाल बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि लसुड़िया कदमाला में मामा किशोर पिता मोहनलाल बावरी के घर पर था, रात्रि में मामा शराब पीकर आया और बोला मेरे घर पर क्यों रह रहा है, गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर की सिर पर मारी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने मामा किशारे के खिलाफ केस दर्ज किया।

# भाजपा को नया जिला अध्यक्ष तो मिला, पर प्रतिस्पर्धी आहत हुए तब जाकर...

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के नए जिला अध्यक्ष मल्हारगढ़ के राजेश दीक्षित को बना दिया है। दौड़ में अनेक नाम थे और सभी ने बहुत ताकत से प्रयास किए थे। यह स्पर्धा कठिन और संघर्ष भरी थी। जो बन नहीं पाए वह भी वजनदार कार्यकर्ता थे और वजनदार महारथियों के समर्थक थे। इसीलिए जिलाअध्यक्ष बनने के लिए अपेक्षित थे। इतना होने के बाद भी नहीं बन पाए, इसलिए आहत हुए माना जा रहा है। कोई सा भी राजनीतिक दल हो, उसमें काम करने वाले हमेशा ही कार्यकर्ता बने रहना नहीं चाहते हैं। सभी में पद पाने की चाहत रहती है। सीमित पद होने के कारण अधिकांश को लंबे समय तक कार्यकर्ता ही बने रहना पड़ता है। जिला अध्यक्ष के लिए जो नाम चल रहे थे अपेक्षित और योग्य भी थे। कार्यकर्ता और नेताओं की पसंद भी थे।




अनिल कियावत जिला अध्यक्ष बनने के करीब तक पहुंच गए थे। कभी स्व. डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पांडे के करीबी रह चुके है। बीते दो दशक से भी अधिक समय से प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के खास माने जाते रहे हैं। इधर स्लेट पेंसिल के कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रहे अजय सिंह चौहान के अध्यक्ष बनने का मामला भी बहुत करीब तक पहुंचा था। पिछड़ा वर्ग कोटे से सांसद सुधीर गुप्ता के करीबी कहलाने वाले धीरज पाटीदार, गणपत आंजना भी आखरी तक स्पर्धा में बने रहे थे। यह सभी ऐसे नाम थे कि जब तक राजेश दीक्षित को घोषित नहीं किया गया, तब तक अपेक्षितों में शामिल रहे थे। बहरहाल अब जब राजेश दीक्षित घोषित हो गए हैं तब जो प्रमुखता से दौड़ में थे आहत कहला रहे हैं। कारण भी साफ है कि सरकार की वित्तीय स्थिति और भाजपा की ना दिखने वाली वाली गुटीय स्पर्धा के कारण निकट भविष्य में जिला स्तर पर किसी प्रभावशाली पद को पाने का कोई अवसर ही नहीं है।



चन्द्रमोहन भगत

शिवराज सरकार के अंतिम समय में सहकारिता विभाग की प्रदेश से लेकर जिला बैंकों तक में पदस्थी कर कार्यकर्ताओं को उपकृत किए जाने की लगभग तैयारी हो चुकी थी। तब भी चुने गए नाम की सूची उजागर हो जाने पर पूरी प्रक्रिया ही रोक दी गई थी। मंदसौर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष के लिए अनिल कियावत का नाम तय हो चुका था। डॉक्टर मोहन यादव की सरकार ने अभी तक ऐसी किसी संस्थाओं के खाली पदों को भरने में जरा सी भी रुचि नहीं दिखाई है। इसके अलावा जिला अध्यक्ष ना बन पाने से आहतो के लिए अब उनके अवरोध मजबूत होते जाएंगे । एक तो मोहन सरकार की अरुचि नए शक्ति केंद्रों का उदय और पूर्व विधायक सांसदों का भी पद पाने की स्पर्धा में आ जाना शामिल है।

ऐसी राजनीतिक परिस्थितियों में इन्हें पद पाने के लिए कितना इंतजार और संघर्ष करना पड़ेगा, यह तय नहीं है और कोई बता भी नहीं सकता है। इसके अलावा क्षेत्र में ताकतवर दिखने, दिखाने के लिए प्रशासन पर प्रभाव भी नहीं बन पा रहा है। क्योंकि, आम तबादलों पर प्रतिबंध होने के कारण अपनी पसंद के अधिकारी, कर्मचारी पदस्थ भी नहीं कर पा रहे हैं ना ही नापसंद दायरे वालों को अन्यत्र भिजवा पा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों का दौर अगर लंबे समय तक चला तो स्वाभाविक है कि जनसाख घटेगी साथ ही कार्यकर्ता छंट जाएंगे और नए प्रतिस्पर्धी भी उनके बराबर की हैसियत बना लेंगे।



## गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल हुई

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के क्रीड़ा परिसर में 26 जनवरी को प्रात: 9 बजे से जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। इसके लिये कई दिनों से चल रही परेड की आज सुबह 9 बजे से कॉलेज ग्राउण्ड में फाइनल रिहर्सल हुई। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधिक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, एएसपी श्री गौतम सोलंकी, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने संयुक्त रूप से इस फाइनल रिर्हसल का अवलोकन किया। सभी प्लाटून का प्रदर्शन देखा गया। कार्यक्रम का संचालन श्री जे.के. जैन ने किया। इस मौके पर अन्य जिलाधिकारी व पत्रकार मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के क्रीडा परिसर में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन होगा। तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 8.55 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान की धुन, प्रात: 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, प्रात: 9.17 बजे माननीय मुख्यमंत्रीजी का संदेश वाचन, प्रात: 9.37 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर, प्रात: 9.45 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट, प्रात: 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रात: 10.30 बजे झांकियों का प्रदर्शन, प्रात: 10.45 बजे पुरस्कार वितरण एवं प्रात: 10.55 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

## जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पाटीदार करेंगी ध्वजारोहण

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस** सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को जिला पंचायत कार्यालय मंदसौर में सुबह 8 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार द्वारा झण्डा वंदन किया जायेगा।

## 26 की शाम अपने भवनों में करें आकर्षक रोशनी

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस** 26 जनवरी की संध्या को प्रदेश के समस्त शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर आकर्षक रौशनी की जाये। निजी संस्थान भी अपने बड़े भवनों में रौशनी करें। इस संदर्भ में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे अपने जिला कार्यालयों एवं अधीनस्थ संस्थान भवनों में 26 जनवरी की शाम आकर्षक रौशनी करायें। उन्होंने निजी संस्थाओं से भी अपील की है कि वे भी अपने संस्थान भवनों में 26 जनवरी की शाम को आकर्षक रौशनी करें।

## साफ-सुथरा राष्ट्रीय ध्वज ही फहरायें

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सभी जिलाधिकारी ध्वज संहिता का अक्षरशः पालन करें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के मौके पर फहराया जाने वाला राष्ट्रीय ध्वज साफ-सुथरा ही हो, कटा-फटा या रंग उडा हुआ या अत्यधिक पुराना न हो। राष्ट्रीय ध्वज संबंधी आवश्यक तैयारी समारोह के दो दिन पहले ही कर ली जाये। जिलाधिकारी राष्ट्रध्वज फहराये जाने के संबंध में ध्वज संहिता का पूर्णरूपेण पालन करें तथा अपने अधीनस्थ संस्थाओं/कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी इस बारे में आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित करें। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सभी जिलाधिकारियों सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद के सी.ई.ओ. एवं नपा/परिषदो के सी.एम.ओ. तथा जिले के सभी शाला प्राचार्यो को इस आशय के निर्देश दिये हैं।

## 26 जनवरी को सुशासन भवन में सुबह होगा झण्डावंदन

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को कलेक्टोरेट कार्यालय (सुशासन भवन) मंदसौर में सुबह 8 बजे झण्डा वंदन कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा।

## कलेक्टर श्रीमती गर्ग करेंगी ध्वजारोहण

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के क्रीड़ा परिसर में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ध्वजारोहण करेंगे।

## पावागढ़ माताजी पर माघ मेला 26 से

**पिपलियामंडी, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर में कनघट्टी मार्ग स्थित पावागढ़ माताजी मंदिर के स्थापना दिवस पर सात दिवसीय माघ मेला 26 जनवरी से शुरु होकर समापन 1 फरवरी को होगा। मेले को लेकर तैयारियां चल हो चुकी है। मंदिर परिसर में झूले-चकरियां, विभिन्न प्रकार की दुकानों के लिए जगह भी चयनित हो गई। समिति महामंत्री हरिप्रसाद गेहलोत ने बताया समापन पर 1 फरवरी को प्रात: 11 बजे से महाप्रसादी होगी।

# बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर जनकल्याण के कार्य कर रही है मोदी सरकार-जैन

## संविधान गौरव अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय पर संगोष्ठी सम्पन्न




**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मंदसौर जिले के प्रत्येक मंडल में मोर्चा एवं पार्टी पदाधिकारियों द्वारा दिनांक 11 जनवरी से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सामाजिक, रचनात्मक एवं संगठनात्मक कार्य संपादित हो रहे है। इसी क्रम में आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर संविधान गौरव अभियान अंतर्गत वृहद संगोष्ठी उज्जैन उत्तर विधायक अनील जैन कालुहेडा के विशेष आतिथ्य में एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक मदनलाल राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सुर्यवंशी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई। संगोष्ठी के पूर्व पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात अजा मोर्चा पदाधिकारीगणो द्वारा मुख्यवक्ता अनिल जैन कालुहेडा सहित मंचस्थ वरिष्ठजनों का स्वागत किया गया।

मुख्यवक्ता के रुप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुवें उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालुहेडा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में जाना जाता है, वे एक दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक और विद्वान थे, जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया। संविधान सभा की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष के रूप में बाबासाहेब ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित लोकतांत्रिक ढांचे की नींव रखी। देशहित में बाबासाहेब के महान योगदानों के बावजूद, कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। 1990 में भाजपा समर्थित सरकार द्वारा बाबासाहेब को भारत रत्न दिया गया। मुख्य वक्ता ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए 'भीम ऐप' लॉन्च किया गया, जिसका नाम बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के सम्मान में, उन्हीं के नाम पर रखा गया है। यह ऐप उनके योगदान के सम्मान और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। मुख्यवक्ता उदबोदन के पहले भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि भाजपा ने राष्ट्र के लिए संविधान को सर्वपरि माना जबकि कांग्रेस तत्कालिन प्रधानमंत्री नेहरु के जमाने से ही आज तक संविधान का सिर्फ ढिंढोरा पीट कर संविधान की हत्या करने का कार्य करती रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मुख्य वक्ता सहित मंचस्थ वरिष्ठजनों को संविधान गौरव अभियान अंतर्गत जिले के सभी मंडलों में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों से अवगत करवाया। प्रारंभ में स्वागत भाषण अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन अजा मोर्चा जिला महामंत्री रामरतन अटेला ने किया व आभार मोर्चा पदाधिकारी धर्मेन्द्र जटीया ने माना। इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारीगण राजेश पालीवाल, शिवराजसिंह राणा, राजु चावला, नरेन्द्र पाटीदार, अंकित सोनी, विनय धनगर, पारस मावर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान, मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, नेपालसिंह सिसौदिया, गोपाल पाटीदार, विकास सुराणा, विजय सुराणा, विनय दुबेला, पुरुषोत्म चंदवानी, नम्रता चावला, रमेशचन्द्र चन्द्रे, रानु भावसार, सुभाष गुप्ता, रमा माथुर, विद्या कडोतिया, सुनिता भावसार, निर्मला चंदवानी, माया भावसार, हेमंत सौलंकी सहित पार्षदगण, मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन दी।



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज मनाया जायेगा

**नीमच, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज 25 जनवरी 2025, को मतदाताओं को जागरूक करने एंव प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिलास्तर व मतदान केन्द्रा स्त र पर 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह प्रात: 10.30 बजे आयोजित किया जा रहा है। मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम रहेगी। इस थीम को केन्द्रह में रखकर टीव्हीथ, रेडियों, सोशल मीडिया पर वेबीनार, सेमीनार, विचार, गोष्ठियां आदि का आयोजन किया जावेगा। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से थीम का प्रचार किया जावेगा। जिलास्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय में मनाया जा रहा है। जिसमें उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रात: 10.30 बजे मतदाता दिवस की सामुहिक शपथ दिलाई जावेगी।

**मतदाता दिवस की शपथ दिलाई**–राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को कलेक्टोरेट नीमच में आयोजित कार्यक्रम में ए.डी.एम. श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की सामुहिक शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, एसडीएम डॉ. ममता खेड़े, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीती संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहू, सुश्री किरण आंजना, सुश्री रश्मि श्रीवास्तव सहित कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेट ने करवाया इंडिया बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सैनिक स्कूल मंदसौर के कक्षा 8 के कैडेट अंश वारिया ने मात्र 13 वर्ष की उम्र में पवन मुक्तासन में हनुमान चालीसा का सबसे कम समय में वाचन कर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। कैडेट ने मात्र 1 मिनट 2 सेकंड में पवनमुक्तासन में रहते हुए हनुमान चालीसा पढ़कर इस रिकार्ड को कायम किया है। इस तरह का रिकॉर्ड काम करने वाले यह सबसे कम उम्र के छात्र हैं। कैडेट की इस शानदार उपलब्धि पर सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा समस्त व समिति पदाधिकारीगण, सैनिक स्कूल मंदसौर की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, कमांडेड एसएम सिंह, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़ व समस्त आचार्य परिवार ने बधाई देते हुए उसके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।



# पत्रकार शांतिलाल जी जैन मालवांचल की पत्रकारिता के प्रमुख स्तंभ थे, मुक्तिधाम में हुई श्रद्धांजलि सभा

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठ पत्रकार श्री शांतिलाल जैन के पार्थिव शरीर को मुक्तिधाम पर उनके पुत्र नवीन जैन और परिजनों ने मुखाग्नि दी। गुरुवार की रात उनका लंबी अस्वस्थता के बाद निधन हो गया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर केंद्रित विचार व्यक्त करते हुए विभिन्न वक्ताओं कहा कि अभिभाजित मंदसौर जिले और मालवांचल की पत्रकारिता क्षेत्र में बड़ा नाम रहा है वरिष्ठपत्रकार श्री शांतिलाल जी जैन का। उन्होंने समाचार एजेंसी यूएनआई के माध्यम से मंदसौर क्षेत्र के महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर तक उठाया और अनेक मसलों के समाधान की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी पत्रकारिता के तेवर काफी दिखे थे और व्यवस्था के खिलाफ उनका आक्रोश लेखनी में झलकता था। युवा पत्रकारों को उन्होंने हमेशा प्रोत्साहित किया। उनके अवसान से मंदसौर नीमच और मालवांचल की पत्रकारिता की एक अपूरणीय क्षति हुई है।



श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक और 75 वर्षों से शांतिलाल जी के शाखा और व्यवसाय में सहयोगी रहे नरेंद्र सिंह सिपानी विष्णु बैरागी रतलाम जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराज सिंह राणा वरिष्ठपत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल, साहित्यकार प्रमोद रामावत नीमच आदि ने श्रद्धांजलि सभा में विचार व्यक्त किए। नरेन्द्रसिंह सिपानी ने माइक्रो केमिकल्स की ओर से अन्य क्षेत्र न्यास कमेटी को श्री जैन की स्मृति में 11000 और नगर के विभिन्न स्थानों पर सघन पौधरोपण हेतु 100000 रुपये प्रदान करने की घोषणा की। अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार महावीर प्रकाश अग्रवाल, अशोक झलोया, डॉ. प्रीति पाल सिंह राणा, संजय पोरवाल, नरेंद्र अग्रवाल, संजय लोढ़ा, अनिल जैन, प्रकाश सिसोदिया, लोकेश पालीवाल, राव प्रीतेश सिंह, गोवर्धन सेठिया, जवाहर लाल जैन, वरिष्ठ अभिभाषक मंगेश भाचावत, कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह गुर्जर, मनजीत सिंह मनी कांतिलाल रातडिया सुरेंद्र नलवाया पार्षद निलेश जैन आदि प्रमुख थे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन ब्रजेश जोशी ने किया।

## विनर क्लब ने किया बाल प्रतिभा का सम्मान

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जावरा में आयोजित राज्य स्तरीय फाईटर कराते लीग प्रतियोगिता में मंदसौर की बाल प्रतिभा मृणालि शिन्दे ने स्वर्ण पदक जीतकर मंदसौर का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतकर मृणालि शिन्दे के मंदसौर आगमन पर विनर क्लब परिवार ने मृणालि शिन्दे का पुष्पहार व दुपट्टा से सम्मान किया।



विनर क्लब के संस्थापक अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि मृणालि शिन्दे ने विगत दिनों हरिद्वार में आयोजित नेशनल फाईटर कराते लीग में भी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। मृणालि प्रसिद्ध व्यवसायी अनिल शिन्दे-कोमल शिन्दे की पुत्री है तथा वर्तमान में सेंट थामस स्कूल में कक्षा 4थी की छात्रा है। फाईटर कराते लीग एसोसिऐशन के अध्यक्ष विनय दुबेला ने बताया कि मृणालि शिन्दे शुरू से ही प्रतिभावान खिलाड़ी रही है। उसने जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मृणालि को प्रोत्साहित करने में शिन्दे परिवार भी पूरा सहयोग प्रदान कर रहा है। मृणालि की इस उपलब्धि पर विनर क्लब परिवार के बंशीलाल टांक, सुभाष गुप्ता, नटवर पारिख, विजय गेहलोद, संजय मण्डोवरा, शंभुसेन राठौर, विनय दुबेला, विकास बसेर, ब्रजेश सेन मारोठिया ने बालिका मृणालि शिन्दे का सम्मान कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 24 जनवरी 2025 को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय सुशासन भवन में दिलाईगयी। इसमें देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गयी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी जिलाधिकारी एवंकर्मचारी मौजुद थे।

## भाजपा कार्यालय पर होगा झण्डावंदन

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पर प्रात: 08:30 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ.सुषमा आर्य, मुकेश काला, भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह आंजना, विजय अठवाल, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक प्रितेश चावला, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित वरिष्ठ पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थिति में झण्डावंदन किया जायेगा।

## कांग्रेस कार्यालय पर करेंगे झंडा वंदन विधायक जैन

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी 2025 को रविवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा गणतंत्र दिवस पर्व हर्ष उल्लास एवं उत्साह के साथ समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। मंदसौर जिला मुख्यालय पर यह कार्यक्रम गांधी चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा प्रात: 7.30 से प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा प्रात: 8.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन झण्डा वंदन करेंगे। इस अवसर पर श्री जैन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन भी करेंगे। यह जानकारी मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने दी। डॉ तोमर ने कांग्रेस के प्रदेश, जिला, ब्लॉक के सभी पदाधिकारी, मंडलम, सेक्टर के पदाधिकारी गण, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण व कांग्रेस के सभी जांबाज कार्यकर्ताओ से इस अवसर पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।



## मतदाता शपथ का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शास. स्नात. महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. वी.पी. तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.वी.पी. तिवारी द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि हम अपने देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी, एन.एस.एस. डॉ. अनिल कुमार आर्य द्वारा किया गया। शपथ कार्यक्रम को महाविद्यालयीन स्टाफ, एन.एस.एस. वॉलिंटियर्स तथा विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर सफल बनाया।

# कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान सम्पन्न

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ सुधीर रायजादा ने दिनांक 24 जनवरी 2025 को महाविद्यालय मेंभारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत बालिकाओं के अधिकार विषय पर तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शिक्षा में नवाचार और प्रौद्योगिकी विषय पर व्याख्यानों का आयोजन किया गयों बालिकाओं के अधिकार विषय पर मुख्य वक्ता डॉ स्मिता मंडलोई ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व तथा शिक्षा प्राप्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में बतायों शिक्षा में नवाचार तथा प्रौद्योगिकी विषय पर मुख्य वक्ता श्री कांतिलाल कुमावत ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वयं पोर्टल की जानकारी छात्राओं को प्रदान कीं उपरोक्त विषय पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ पी एल पाटीदार ने बताया कि छात्राओं को अपने अधिकार से परिचित होकर उनका लाभ लेना चाहिए, जिससे एक सशक्त समाज और देश का निर्माण हो सकें उचित शिक्षा से ही समाज में पिछडे पन को दूर किया जा सकता है और छात्राएं हर क्षेत्र तथा वर्ग में आगे बढ सकती हैं शासन द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ जैसी ही अन्य योजनाओं के परिणाम स्वरूप लिंगानुपात में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसी कार्यक्रम में शासन के आदेशानुसार 15 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्रों एवं महाविद्यालय के स्टाफ को शपथ दिलवाई गई। इसी कार्यक्रम में मंदसौर विश्वविद्यालय से श्री सुरेश बाबू द्वारा लाइब्रेरी साइंस में रोजगार के अवसर पर छात्राओंको जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनुराग आर्य ने कियोंउक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की ग्रंथपाल डॉ रजनी यादव, महाविद्यालय के शिक्षको और 70 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की।

## नपाध्यक्ष नपा कार्यालय पर ध्वजारोहण करेंगी

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 26 जनवरी को प्रात: 6:45 बजे से प्रात: 8:30 तक मंदसौर नगरपालिका परिषद के द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगरपालिका परिषद 11 स्थान पर ध्वजारोहण कार्यक्रम करेगी। सर्वप्रथम प्रात: 6:45 बजे मंडी गेट पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ध्वजारोहण करेंगी प्रात: 7:00 बजे नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के द्वारा धानमंडी पंप हाउस पर ध्वजारोहण किया जाएगा प्रात: 7:15 बजे नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर न.पा. कार्यालय भवन पर ध्वजारोहण करेगी नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर प्रात: 8:30 बजे लॉ कॉलेज परिसर में भी ध्वजारोहण करेंगी। न.पा. उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला प्रात: 7:25 बजे विद्या विहार वाचनालय पर ध्वजारोहण करेंगी नगरपालिका सभापतिगणों के द्वारा प्रात: 7:30 बजे से प्रात: 8:30 तक नगर में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किए जाएंगे नगर के गणमान्य नागरिकों से नगरपालिका परिषद आग्रह करती है कि वह इन सभी ध्वजारोहण कार्यक्रमों में शामिल हों।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर...

### तर्ज – खड़ी नीम के नीचे मैं तो एकली...



तीरंगा की शान बढ़ाओ मिलकर सारे साथजी।
आओ मिलकर साथ में गाओं वन्दे मातरम् आप भी।
झीरमीर झीरमीर में हो बरसे पवन झकोरा खावे रे।
वन्दे मातरम् बोलो भैय्या, कोयल गीत सुनावे रे'
(चालण लागी चालण लागी। पवन पुरब की सांवली 11
आओ मिलकर साथ में ---
बरसो एक गुलामी सही फिर अंग्रेजों को भगाया है।
बहुराष्ट्रिय उत्पादों ने फिर अपना पैर पसारा है।
(जान बुझकर जानबुझकर आंखा काहे मिचली '
आओ मिलकर साथ में---
परदेशी कम्पनियों ने हम पर बहुत जुल्म हे ढाया है।
देशी उत्पाटन छोड के भैय्या विदेशी क्यों लाया रे '
सोच समझकर सोच समझकर लेकर आओ देशी चीजे आप जी
आओ मिलकर साथ में गाओ वन्देमातरम् आप भी 11

रचियता – रमेशचन्द्र परवाल, मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 29 | 2226 | 2492 |
| उडद | 17 | 4156 | 5899 |
| सोयाबीन | 4800 | 3751 | 4341 |
| गैहु | 1707 | 2900 | 3200 |
| चना | 153 | 4840 | 6050 |
| मसुर | 172 | 5100 | 6121 |
| धनिया | 486 | 6000 | 7500 |
| लहसुन | | 3000 | 15500 |
| मैथी | 460 | 3900 | 5740 |
| मुंगफली | 986 | 3500 | 4800 |
| अलसी | 1210 | 4800 | 6070 |
| सरसो | 307 | 4561 | 5620 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 32 | 9000 | 12780 |
| प्याज | 8200 | 500 | 2200 |
| कलोंजी | 16 | 10000 | 16580 |
| तुलसी बीज | 3 | 16130 | 16130 |
| डॉलर | 10 | 6201 | 10600 |
| तिल्ली | 20 | 6500 | 9701 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 38 | 7290 | 9400 |
| चियाबीज | 41 | 13001 | 15800 |

## गणतंत्र दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ध्वजोत्तोलन कर भव्य परेड की सलामी लेगी...

# कलेक्टर एवं एएसपी की उपस्थिति में फायनल रिर्हसल सम्पन्न

**नीमच, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में नीमच 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय नीमच के शा.बा.उ.मा. विद्यालय क्रं.-2 नीमच पर आयोजित होगा। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कर्मचारियों को पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योंजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। नीमच में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर भव्य परेड की सलामी लेगी। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं मे प्रात: 8 बजें झण्डा वंदन किया जाएगा। मुख्य समारोह में प्रात:9.00 बजे प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर, आयोजित भव्य परेड की सलामी लेंगी तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेगें। परेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच, सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल के जवानों और वन विभाग, नगर सेना एंव एन.सी.सी.सीनियर डिवीजन स्काउट की टुकडी भी शामिल होगी। इस अवसर पर नगरपालिका, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, आदिम जाति कल्याण, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण, जिला पंचायत, उद्यानिकी, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी, महिला एंव बाल विकास विभाग सहित विभिन्न 14 विभागों द्वारा विकास गतिविधियों योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकिया भी निकाली जाएगी। गणतंत्र दिवस पर विकासखंड, ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें और स्कूली बच्चों की प्रभात फैरी भी निकाली जायेगी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, ए.एस.पी. श्री नवलसिंह सिसोदिया की उपस्थिति में गंणतत्र दिवस समारोह की तैयारियों की फुल ड्रेस रिहर्सल (अंतिम पूर्वाभ्यास) शुक्रवार को शा.बा.उ.मा.वि.क्रं.-2 नीमच के मैदान पर किया गया। इस अंतिम पूर्वाभ्यास में सभी टुकडियों ने भव्य मार्च पास्ट परेड प्रस्तुऔत की तथा विभिन्नच 5 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग देश भक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रिर्हसल में कलेक्टर एवं ए.एस.पी.ने भव्यन परेड का निरीक्षण कर, परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डमोर, अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, डिप्टीं कलेक्टर श्री संजीव साहू, सुश्री किरण आंजना, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, डॉ.राजेश पाटीदार, नगर पालिका सीएमओ श्री महेन्द्रय वशिष्ठस, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें।



# निराशाओं से कभी हताश नहीं होना चाहिए-कलेक्टर

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कार्यक्रम संपन्न

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ऑडिटोरियम में महिला शक्ति को समर्पित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला शक्तियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षा के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में एवं अन्य गतिविधियों में बेहतर करने वाली स्कूल की बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाली कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्री स्वाति तिवारी, श्री पीसी चौहान सहित बड़ी संख्या में महिला शक्ति, स्कूल की छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार मौजूद थे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान में कलेक्टर ने हस्ताक्षर किए।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा कि जीवन में कभी निराशा से हताश नहीं होना चाहिए। जीवन में हमेशा कई परीक्षाएं आती है और उन परीक्षाओं को उत्तीर्ण करते हुए हमें आगे बढ़ना रहता है। आप जिस क्षेत्र में अच्छे हैं उस क्षेत्र में अच्छा काम करें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इसका सही मतलब तब समझ में आता है जब बेटियां देश का नाम रोशन करती हैं, किसी क्षेत्र में अपना नाम रोशन करती है। तब इस अभियान का सही अर्थ समझ में आता है। पढ़कर कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। पढ़ाई में वह शक्ति होती है। अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा कहा गया कि सभी क्षेत्रों में महिलाएं आज आगे हैं, जो आपकी इच्छा है वह बने। उसमें प्रयास करें। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जो सपना देखा है उसी को पूरा करें और उसी में शत प्रतिशत मेहनत करें। सफलता जरूर मिलती हैं। नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती चावला द्वारा कहा गया कि आज का समय तकनीकी का समय है। हमें तकनीक का अच्छे से उपयोग करना चाहिए। तकनीक में सुरक्षा का विशेष तौर पर ध्यान रखना चाहिए। बच्चों को जंक फूड की आदत नहीं डालनी चाहिए। माता-पिता की बात माननी चाहिए। अच्छे से पढ़ाई करनी चाहिए। एडिशनल एसपी श्री सोलंकी द्वारा कहा गया कि अब ए आई का समय है। इस समय में हमको बहुत अलर्ट रहने की आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा का विशेष तौर पर ध्यान रखना चाहिए। प्रतिदिन इस संबंध में शिकायत मिलती हैं। इसलिए तकनीक का प्रयोग सोच समझ कर करना चाहिए।

# गनेड़ीवाल ट्रस्ट द्वारा वितरीत ई-रिक्शा की कीर्ति वैश्विक स्तर पर पहुंची

## ब्रिटिश के लार्ड लुंबा, चेरी ब्लेयर और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सराहा, गनेड़ीवाल चेरिटेबल को किया वैश्विक प्लेटफार्म पर आमंत्रित



**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे सिंगल मदर व विधवाओं के शक्तिकरण के उल्लेखनीय कार्यों नें वैश्विक पटल पर दस्तक दी है, उल्लेखनीय है ब्रिटेन से संचालित लॉर्ड लुम्बा फाउण्डेशन विधवा महिलाओं और सिंगल मदर के जीवन को बेहतर बनाने के लिये पिछले 26 वर्षों से जागरूकता अभियान जारी किये हुए है जिसके चलते संयुक्त राष्ट्र ने 23 जून को विश्व विधवा दिवस (वल्ड विंडो डे) के रूप में मान्यता दी। इस अंतरराष्ट्रीय संगठन को जब गनेड़ीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट की जानकारी मिली तो ट्रस्ट के संस्थापक प्रदीप गनेड़ीवाल को दिल्ली के एक वृहद आयोजन में अपने अनुभव साझा करने हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया इस आयोजन में उन्हें सम्मानित भी किया गया, यहीं नहीं लॉर्ड लुम्बा फाउण्डेशन ने श्री गनेड़ीवाल को संयुक्त रूप से कार्य करने हेतु आमंत्रित किया है, समाज सेवा की यह साझेदारी समाज उत्थान के लिये बड़ी मुहिम के रूप में आकार लेगी जो मंदसौर, मालवांचल और मध्यप्रदेश को वैश्विक पटल पर नई पहचान देगी। दिल्ली के ओबेरॉय होटल में लॉर्ड लुम्बा फेडरेशन की अध्यक्ष चेरी ब्लेअर, उपाध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, हिरो मोटो कॉप के चेयरमेन सुनील कांत मुंजाल सहित औद्योगिक एवं सियासी जगत की हस्तियों के बीच हर सील फ्यूचर प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया, जहां प्रदीप गनेड़ीवाल द्वारा सिंगल मदर एवं विधवाओं हेतु किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना कर उन्हे सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है गनेडीवाल ट्रस्ट द्वारा 80 सिंगल मदर एवं विधवाओं को ई रिक्शा प्रदान किए जा चुके जिससे समाज की अंतिम पंक्ति में खडी इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई हैं

**पशुपतिनाथ की स्मृति देकर आमंत्रित किया–** इस अवसर पर श्री प्रदीप गनेड़ीवाल ने सभी अतिथिगण को पशुपतिनाथ की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर सभी को मंदसौर आने के लिये आमंत्रित किया।

**महत्वपूर्ण कदम–**यह पहल विधवा महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हर सील, हर फ्यूचर पहल के तहत, विधवा महिलाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाना है।

**श्रीमती स्मृति ईरानी**

# हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की जन्म जयंती मनाई



**सुवासरा, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिवसेना महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, शिवसेना मध्य प्रदेश थानेश्वर महावर, मध्य प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर, मध्य प्रदेश राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी, उपराज्य प्रमुख डॉ महेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव जितेंद्र चतुर्वेदी, प्रदेश सचिव दिनेश प्रजापत, उज्जैन संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, संभाग संगठन प्रमुख अशोक शर्मा, शिव सेना वरिष्ठनेता शिवम गुर्जर के आदेश अनुसार मंदसौर जिले के सुवासरा तहसील में मंदसौर जिले तहसील के पदाधिकारियों ने हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की जन्म जयंती मनाई।

इस दौरान सुवासरा पेट्रोल पंप चौराहा पर शिवसेना बोर्ड उद्घाटन किया। वाहन रैली सुवासरा तहसील प्रमुख श्याम सिंह पवार, तहसील संगठन प्रमुख उज्जवल जायसवाल के नेतृत्व में निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव जितेंद्र चतुर्वेदी, उज्जैन संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, संभाग संगठन शर्मा, वरिष्ठ नेता शिवम गुर्जर, जिला प्रमुख कमलेश राजगुरु, जिला उप प्रमुख नर्सिंग बैरागी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंदसौर महिला जिला प्रमुख विद्युत गुप्ता, जिला प्रभारी राजेश गोस्वामी, जिला कमांडो प्रभारी राकेश प्रधान, महेंद्र सिंह रोजनी, सुवासरा तहसील प्रमुख श्याम सिंह, गरोठ तहसील प्रमुख देवीलाल योगी, भानपुरा तहसील प्रमुख राकेश योगी, सुवासरा नगर प्रमुख हैदर बोरा, रमेश चंद, सोनू राजगुरु, योगेश राजगुरु, महेश राजगुरु, ईश्वर सोलंकी, इंद्र सिंह मोबाइल, मल्हारगढ़ तहसील प्रमुख उत्तम सूर्यवंशी, महिला मंडल ममता गोस्वामी, मनोरमा, कलाबाई, सीताबाई, प्रियंका, जया किशोरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पत्रकारो के कार्ड वितरण एवं जिला सम्मेलन में शिरकत करेंगे...

# सांसद गुप्ता और गूर्जर सहित तीनों विधायक

**मनासा, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पत्रकारो के सबसे बड़े रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकारो का जिला सम्मेलन एवं कार्ड वितरण कार्यक्रम दिनांक 27 जनवरी सोमवार को मनासा मे आयोजित हे। पत्रकारो के इस भव्य कार्यक्रम में संगठन ने बतौर मुख्य अतिथि जिले के दोनों सांसद सुधीर गुप्ता और राज्यसभा सदस्य बंशी लाल गूर्जर सहित जिले के तीनों विधायक अनिरुद्ध माधव मारु मनासा, दिलीप सिंह परिहार नीमच, ओमप्रकाश सखलेचा जावद को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में संगठन के संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रीतिपाल सिंह राणा का विशेष सानिध्य भी प्राप्त होगा। इनके अलावा संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष चेन सिंह सोलंकी जिला महासचिव अविनाश जाजपुरा मनासा तहसील अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ओर जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों को भी बतौर अतिथि के रूप समारोह में पधारने का निमंत्रण दिया है। इस पर सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में आने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की है।

**समारोह में समाजसेवी और जन प्रतिनिधियों का होगा सम्मान–** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला सम्मेलन एवं कार्ड वितरण कार्यक्रम के दौरान जिले के अनेक समाज सेवीयो एवं जन प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया जाएगा

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर निकाला पथ संचलन



**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान संजीत मार्ग मंदसौर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य घोष के साथ भव्य पथ संचलन निकला। इस अवसर पर भैया बहनों एवं आचार्य दीदियों ने मिलकर राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण और उनके समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद संस्थान के भैया बहनों ने अनुशासित रूप से पंक्तिबद्ध संचलन और देशभक्ति के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव श्री अशोक पारिख, समिति के सह सचिव एवं संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई एवं सैनिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, सैनिक विद्यालय के नए कमांडेंट श्री एसएम सिंह, उपप्राचार्या सुश्री लक्ष्मी राठौड़ और विद्यालय के सभी आचार्य दीदी एवं भैया बहिन उपस्थित रहे।

# सांसद को 51 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संगठन भोपाल के प्रांतीय आव्हान पर आंदोलन के दूसरे चरण में मंदसौर-जावरा-नीमच लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय सुधीर गुप्ता जी एवं सुवासरा विधान सभा से पूर्व मंत्री एवं विधायक माननीय हरदीप सिंह जी डंग को संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री तेज सिंह पवार के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीयो द्वारा विस्तार से चर्चा कर माननीय मुख्यमंत्री एव मुख्य सचिव महोदय के नाम ज्ञापन देकर के निराकरण हेतु माननीय सांसद महोदय से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की एवं ज्ञापन दिया। इस अवसर पर श्री अशोक शर्मा, सतीश नागर, प्रमोद गौतम, सुरेश चंद पंवार, राजेश शाह, विनोद पांडे, मोहनलाल धनगर, सूर्य प्रताप सिंह, घनश्याम, अनिल सांखला, समरथ पाटीदार, दिनेश शर्मा, चंपालाल चौहान, रामेश्वर सोलंकी, सुजानमाल जैन, राधेश्याम देवड़ा, पीएस चंदवानी, बृजेंद्रसिह चौहान, गोपाल साहू, सुवासरा मे राजेंद्र पांडे, महिमानंद शर्मा, कमल सोनी, घनश्याम गुप्ता, गोविंद चौधरी मुकेश वर्मा श्री मारू जी बालचंद देवड़ा, बलिराम चौहान एवं सैकड़ो की तादाद में कर्मचारी साथी उपस्थित थें। उक्त जानकारी अशोक शर्मा द्वारा दी गई है।

### भारत पर्व पर होंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व आयोजित किया जायेगा। भारत पर्व में मुख्?य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग होंगे। भारत पर्व 26 जनवरी को सायंकाल 6 बजे से कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम शासकीय महाविद्यालय मंदसौर में आयोजित किया जायेगा। भारत पर्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती होगी। प्रसिद्ध कबीर गायन, श्री तारासिंह डोडवे, इन्दौर एवं श्री मथुरा प्रसाद प्रजापति, भोपाल द्वारा बुंदेली लोकनृत्य पर प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय देशभक्ति गीत भजन, कबीर गायन एवं पारंपरिक लोकगीत भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

# टीबी मुक्त निक्षय शिविर का आयोजन सैदारा माता में हुआ

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी शिविरवनिक्षय शिविर केअंतर्गत 100 दिवसीय टीबी मुक्त रथ ग्राम सैदारा माता में भ्रमण किया गया। स्वास्थ्य विभाग मंदसौर के श्री जगदीश खींची द्वारा टीवी के बारे में जागरूक किया और उन्होंने बताया कि टीबी से कैसे बचा जाए एवं टीबी के क्या लक्षण होते है। चलने में सांस भर आना, लगातार खांसी चलना, भूख नहीं लगाना, वजन कम होना, रात को पसीना आना, रात्रि में बुखार आना यह टीबी के लक्षण हो सकते हैं। ग्राम वासियों से उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा नि: शुल्क एक्सरे किया जा रहा, आप सभी को अपना एक्सरे करावाना जरूरी है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग का लक्ष्य है कि कोई भी गांव का व्यक्ति आयुष्मान से वंचित न रहें और 70 वर्ष के सभी ग्राम वासियों को आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाना हैं।निक्षय शिविर में गांव के कई गणमान्य नागरिक और गांव के सरपंच श्री जगदीश मालवीय, स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. महेश नाडिया, सुपरवाइजर श्री सुनील परिहार, एक्सरे टेक्निशियन श्री महेश सिंगाडिया, डॉ. सीताराम गौड़, एक्सरे टेक्निशियन श्री महेश सिंगाडिया, श्री अनिल शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सभी उपस्थित थे।

### शर्मा मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ सिंगोली नगर इकाई के अध्यक्ष नियुक्त

**सिंगोली, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पत्रकारों के सबसे बड़े रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने संगठन कों सक्रिय ओर मजबूत बनाने के लिए पत्रकार निरंजन शर्मा को सिंगोली नगर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा की नियुक्ति पर स्थानीय ओर आसपास के पत्रकार साथियों एंव इष्टमित्रों में हर्ष की लहर है। जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष चेन सिंह सोलंकी जिला महासचिव अविनाश जाजपुर ने शर्मा को बधाई देते हुए संगठन के लिए सक्रियता से कार्य करने की बात कही।



### हनुमान चालीसा पाठ किया

**मंदसौर, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, केशव नगर व अभिनन्द नगर मंदसौर के भैया बहिनों के द्वारा मंदसौर नगर मे स्थित बड़े बालाजी प्रांगण पर 700 भैया बहिनों ने सामूहिक एक लय एवं अनुशासन मे हनुमान चालीसा का पाठ किया इस भव्य आयोजन मे मंदसौर विभाग समन्वयक श्री राघवेन्द्र जी देराश्री, विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. श्री रविन्द्रकुमार जी सोहोनी, समिति सदस्य श्री दिनेश जी पालीवाल, श्रीमती पायल जी कियावत विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष यादव, केशव नगर, के प्रधानाचार्य श्री राजपालसिंह जी सिसौदिया, अभिनन्दन नगर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुकेश जी पाठक एवम समस्त आचार्य परिवार के साथ कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया/बहिन उपस्थित रहेस साथ ही नगर केगणमान्य नागरिकों एवं समाजजन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का लाभ लिया गया।

### तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा-नेताजी बोस

**नारायणगढ़, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा और जय हिंद का नारा देने वाले आजाद हिंद फौज के संस्थापक महान सेनानायक व क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नारायणगढ़ में आज घोष के साथ निकला भव्य पथ संचलन इस अवसर पर भैया बहिनों एवं आचार्य दीदियों ने मिलकर राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण और उनके समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय केभैया बहिनों ने अनुशासित रूप से पूरे नगर में पंक्तिबद्ध संचलन निकाला। इस अवसर पर श्री राहुल जी पाटीदार (सचिव, संस्कृति विकास शिक्षण समिति) श्री अंतिम जी वर्मा ( प्रधानाचार्य नारायणगढ़) विद्यालय के सभी आचार्य दीदी एवं भैया बहिन उपस्थित रहे।

### तालाब की पाल तोड़ी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तालाब की पाल तोड़ने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। ग्राम पंचायत मून्दड़ी सचिव जगदीशचन्द पिता गोरीलाल दायमा ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम पंचायत ने हनुमंतिया में तला का निर्माण किया था। जिससे ग्रामीणों को पानी भी प्रदाय किय जा रहा है। उक्त तालाब की पाल को बाबूखेड़ा निवासी परमानंद पिता रामलाल पाटीदार ने तोड़कर शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने परमानंद के खिलाफ केस दर्ज किया।


**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.C-49 श्रीमती निर्मला शर्मा पति श्री राधेश्याम शर्मा को मण्डल आदेश क्रमांक 520 दिनांक 26.02.2021 द्वारा नामांतरित किया गया था। श्रीमती निर्मला शर्मा पति श्री राधेश्याम शर्मा द्वारा उक्त भवन अपने पुत्र श्री मनीष शर्मा पिता श्री राधेश्याम शर्मा को दान कर दानपत्र दिनांक 29.12.2023 को उप-पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त दानपत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री मनीष शर्मा पिता श्री राधेश्याम शर्मा अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री मनीष शर्मा पिता श्री राधेश्याम शर्मा के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**
**डॉ. परीक्षित शर्मा**
एम.डी. (स्कीन)
शनिवार दिनांक 25 जनवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 26 जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गों की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088



लायन्स क्लब, मन्दसौर
एवं
जिला अंधत्व निवारण समिति मन्दसौर (म. प्र. शासन स्वास्थ्य विभाग) के सहयोग से
**विशाल निःशुल्क परामर्श एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर**
**26 जनवरी 2025, रविवार**
रजिस्ट्रेशन समय
प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.मज़हर हुसैन अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे
स्थान
**परफेक्ट आई हॉस्पिटल**
दशपुर कुंज के पास, नई आबादी, रोड न. 02,मंदसौर
फोन न. 07422-404532,356545
मोब. न. 9109994532
नोट - ऑपरेशन के बाद मरीजो को दवाइयाँ और काला चश्मा निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे
अध्यक्ष ला. जितेन्द्र पोरवाल
सचिव ला. सिद्धार्थ पोरवाल



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in